# इस पुस्तक में क्या है

प्रस्तुत पुस्तक **पहली कक्षा** की हिंदी पाठ्यचर्या का **पहला भाग** है। इसमें बच्चों के करने व सीखने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ, अवधारणाएँ व कौशल हैं। बच्चे अपनी बात को आत्मविश्वास के साथ अभिव्यक्त कर पाएँ, इसके लिए दो तत्व महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं- विषयवस्तु की समझ व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता। यह पुस्तक ऐसे वातावरण का निर्माण करने में मदद करती है, जहाँ विषयवस्तु को समझने और अपनी बात कहने की स्वतंत्रता मिले।

जीवन के शुरुआती सालों में बच्चे घर व आस-पड़ोस में भाषा को बोलते व सुनते आए हैं। वे बोलने व सुनकर समझने में सक्षम हैं। अब उनका ध्यान पढ़ने की ओर ले जाया जा सकता है। इसके लिए यह पुस्तक उन्हें भाषा के लिखित रूप से परिचित करवा रही है। बच्चे इसे सहजता से सीख पाएँ, इसके लिए दृश्य-शब्दों, फ़्लैश-कार्ड, कविता-पोस्टर इत्यादि के द्वारा उनके वातावरण को समृद्ध बनाने का प्रयास किया गया है। इस पुस्तक में बच्चों की रुचि को ध्यान में रखते हुए पाठों को चुना गया है। इनकी मदद से बच्चे भाषा को टुकड़ों में न सीख कर समग्र रूप से सीखते हैं।

इस पुस्तक में कविताओं को गाने, उनके चित्रों को देखने एवं उनके बारे में बात करने के बहुत से अवसर दिए गए हैं। बच्चा भाषा को सीखकर उसका प्रयोग कर पाए, इसके लिए पुस्तक में अक्षरों एवं उनकी मात्राओं को समूहों में बाँटा गया है। हर समूह में कुछ अक्षरों एवं उनकी मात्राओं को रखा गया है। समूह के अक्षरों का चुनाव इस आधार पर किया गया है कि उनकी ध्वनियाँ व बनावट एक-दूसरे से भिन्न हों। हर समूह के अंत में बच्चों को पढ़ने के लिए ऐसी कहानी दी गई है जो केवल उन्हीं अक्षरों से बनी है, जिन्हें बच्चों ने उस समूह के अंत तक सीखा है। इस तरीके से बच्चे कुछ ही अक्षर सीखने के बाद पढ़ना शुरू कर पाते हैं, जिससे उनमें स्वयं पढ़ने का आत्मविश्वास पैदा होता है। उन्हें पढ़ने एवं उसका आनंद लेने के लिए पूरी वर्णमाला सीखने का इंतज़ार नहीं करना पड़ता।

इस पुस्तक में हर अक्षर को सिखाने के लिए एक कविता का प्रयोग किया गया है। इस कविता की ख़ासियत यह है कि मज़ेदार होने के साथ-साथ उसमें सिखाए जाने वाले अक्षर का प्रयोग बहुतायत में होता है जिससे बच्चे उस अक्षर की ध्वनि एवं बनावट को पहचानने लगते हैं। इसके बाद वे उन अक्षरों को लिखना सीखते हैं। अक्षर सीखने की यह प्रक्रिया उनके लिए नीरस न होकर अर्थपूर्ण एवं रोचक होती है।

पुस्तक में बच्चों द्वारा चित्रों को पढ़ने, रंग भरने, अक्षर लिखने जैसे बहुत से कार्य दिए गए हैं, जो उनकी अभिव्यक्ति को सशक्त व हाथ की मांसपेशियों को मज़बूत बनाने में मदद करते हैं।

PROPEL TM PROPEL THY LEARNING

# विषयवस्तु


अक्षर 05
**कविता-धड़ाम**


कविता पढ़ना व आनंद लेना
समूह-1 में सीखे अक्षर दोहराना
फलों के नाम पढ़ना व उनमें रंग भरना
कविता से संबंधित वाक्य पूरे करना


अक्षर 10
**कहानी-गिल्लू गायब है**


चित्रों की मदद से कहानी पढ़ना
कहानी का आनंद लेना
समूह-2 में सीखे अक्षर दोहराना
कहानी से संबंधित वाक्य पूरे करना
इ/ि व ई/ी की ध्वनि का अंतर समझना

अक्षर 20
**कविता-शाम की सैर**

चित्र के बारे में बातचीत करना
कविता पढ़ना व आनंद लेना
'श' अक्षर व उसकी बनावट सीखना
चित्र देखकर वाक्य पूरे करना


अक्षर 24
**कविता-खरगोश**

कविता पढ़ना व आनंद लेना
समूह-3 में सीखे अक्षर दोहराना
कविता की समझ दर्शाना
सब्ज़ियों व उनके नाम पहचानना
समूह-4 के अक्षरों को दोहराना


अक्षर 32
**कविता-चार ठेले**

कविता पढ़ना व आनंद लेना
'ठ' अक्षर व उसकी बनावट सीखना
कहानी से संबंधित वाक्य पूरे करना
चित्र देखकर उसके बारे में लिखना

अक्षर 38
**कविता-नत्थूराम**

कविता सुनना, पढ़ना व आनंद लेना
'थ' अक्षर व उसकी बनावट सीखना
कहानी से संबंधित वाक्य पूरे करना
चित्र देखकर उसके बारे में वाक्य लिखना

अक्षर 44
**कहानी-नाना जी की ऐनक**

कहानी पढ़ना व आनंद लेना
कहानी के बारे में बातचीत करना
कहानी की समझ से वाक्य पूरे करना
उ / ु व ऊ / ू का अंतर समझना

अक्षर 51
**कविता-धन्नू धोबी**

वीडियो देखकर बातचीत करना
कविता सुनना पढ़ना व आनंद लेना
'ध' अक्षर व उसकी बनावट सीखना
कहानी से संबंधित वाक्य पूरे करना


अक्षर 56
**कविता-झम-झम बारिस**

कविता पढ़ना व आनंद लेना
संदर्भ में 'झ' अक्षर पहचानना
'झ' अक्षर की बनावट सीखना
कहानी से संबंधित वाक्य पूरे करना

अक्षर 61
**कहानी-कुड़कुड़-कुड़कुड़**

चित्र देखकर वर्णन करना
चित्रों की मदद से कहानी पढ़ना
कहानी से संबंधित वाक्य पूरे करना
'न' व 'ण' का अंतर समझना


अक्षर 68
**कविता-ढोलवाला**

कविता पढ़ना व आनंद लेना
'ढ' अक्षर व उसकी बनावट सीखना
कहानी से संबंधित वाक्य पूरे करना

अक्षर 72
**कविता-मुच्छड़ जादूगर**

चित्रों की मदद से कहानी पढ़ना
कहानी से संबंधित वाक्य पूरे करना
कहानी से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देना

# विषयवस्तु


अक्षर
**कविता-अक्षरों का खेल** 76



कविता गाना व उसका आनंद लेना
अक्षर कार्ड से नए-नए शब्द बनाना
ए / े व ऐ / ै की ध्वनि
का अंतर समझना

अक्षर
**कविता-रंग-बिरंगे गुब्बारे** 81



अध्यापिका की मदद से कविता पढ़ना
'अं' अक्षर व उसकी बनावट सीखना
रंगों को पहचानना व उनके नाम पढ़ना
बातचीत से जानकारी एकत्र करना
रंगों के नाम लिखना
'ढ' व 'ढ़' की ध्वनि
का अंतर समझना

अक्षर
**कहानी-बंदर** 86



चित्रों की मदद से कहानी पढ़ना
कहानी की समझ दर्शाना
फलों को पहचानना व उनके
नाम पढ़ना
बातचीत से जानकारी एकत्र करना
फलों के नाम लिखना
'क्ष', 'त्र', 'ज्ञ', 'ष' और 'श्र' सीखना
चित्र-वर्णन करना

मौसम
**कविता-गरमी आई, गरमी आई** 96



कविता गाना व आनंद लेना
कविता से संबंधित चर्चा करना
शब्दों के नाम लिखना
विषयवस्तु की समझ दर्शाना
चित्रों को देखकर वाक्य लिखना
समान तुक वाले शब्दों का
प्रयोग करना

मौसम
**चित्रकथा-आम की कहानी** 103



चित्र देखकर कहानी लिखना
कहानी से संबंधित बातचीत करना
चित्र व वाक्य को मिलाना
पहेलियाँ बूझना व चित्र बनाना

मौसम
**कहानी-शाहीन और बारिश** 110



कहानी पढ़ना व समझना
कहानी के प्रश्नों के उत्तर लिखना
अनुभव-लेखन

मौसम
**कविता-सरदी आई, सरदी आई** 116



कविता गाना व अर्थग्रहण करना
चर्चा करना
विषयवस्तु की समझ दर्शाना
चित्र बनाना व उसका वर्णन करना
ए/ऐ की मात्रा वाले शब्दों को दोहराना


PROPEL THY LEARNING

# शीर्षक चिह्न

## हम खेलें

इन गतिविधियों में बच्चे खेलते हैं। खेलकूद बच्चों के अनुभवों को सींखते हैं। खेल के माध्यम से बच्चे बहुत सारी चीज़ें समझते और सीखते हैं।

## हम करें

इसके अंतर्गत बच्चे गतिविधियाँ करते हैं। इन गतिविधियों से पाठ्यवस्तु को समझने में सहायता मिलती है।

## हम गाएँ

गीत गाना व उन्हें दोहराना बच्चों को आनंदित करता है। इन गतिविधियों से बच्चों की शब्दावली, भाव और लय का विकास होता है।

## हम देखें

बच्चे इन गतिविधियों में शैक्षिक वीडियो और फ़िल्में देखते हैं। इनसे श्रवण-कौशल का विकास होता है।

## हम पढ़ें

इस पाठ्यवस्तु को बच्चे स्वयं पढ़ने का प्रयास करते हैं।

## हमने सीखा

ये कार्य पूर्व एवं नए ज्ञान के बीच संबंध स्थापित करने में बच्चों की मदद करते हैं।

## हम सुनें

बच्चे इस पाठ्यवस्तु को सुनकर समझते हैं व इसके बारे में बातचीत करते हैं।

## हम अवलोकन करें

इसमें बच्चे तमाम वस्तुओं, व्यक्तियों, जानवरों एवं पाठ्यवस्तु का ध्यानपूर्वक अवलोकन करते हैं। इससे उनमें 'अवलोकन' की क्षमता विकसित होती है जो सीखने का महत्वपूर्ण साधन है।

## चर्चा में

इन प्रश्नों और बातचीत के बिंदुओं का प्रयोग अध्यापिका किसी भी पाठ्यवस्तु को पढ़ाते या सुनाते समय करती हैं। यह बातचीत बच्चों की समझ बनाने में मदद करती है। इस बातचीत से बच्चों की पाठ्यवस्तु की समझ सुनिश्चित की जाती है।

## हम लिखें

यहाँ बच्चे लेखन-कार्य करते हैं। ये लेखन पाठ्यवस्तु की समझ, अनुभव या कल्पना पर आधारित होते हैं।

## व्याकरणकर्ता

यह पाठ्यवस्तु व कार्य बच्चों को व्याकरण के नियमों को स्वयं निकालने के अवसर देते हैं। इससे बच्चे व्याकरण की अवधारणाओं का उचित एवं रचनात्मक प्रयोग कर पाते हैं।

## हम जाने

बच्चों को विषयवस्तु से संबंधित कुछ तथ्य पढ़ने के लिए दिए गए हैं। ये तथ्य बच्चों में विषयवस्तु से संबंधित नई जानकारी जानने की जिज्ञासा जगाते हैं।

## हम परखें

ये कार्य बच्चों को नई चीज़ें खोजने व अनुभव करने का अवसर प्रदान करते हैं।

## घर के लिए

ये कार्य बच्चों के विद्यालय और घर के अनुभवों को जोड़ते हैं। ये कार्य गतिविधि, लेखन और बातचीत के रूप में होते हैं।

## हम दोहराएँ

बच्चे इन गतिविधियों के ज़रिए सीखे गए कौशलों का अभ्यास करते हैं। इससे उनके कौशल और मज़बूत होते हैं।

## हमारा मचान

बच्चे अपने द्वारा सीखी गई जानकारी को आयोजित कर प्रदर्शित करते हैं। ये कार्य उन्हें अपनी समझ को दूसरों के समक्ष रखने में मदद करते हैं।

## अभ्यास करें

इन गतिविधियों में बच्चे अपनी समझ का प्रयोग बारम्बार करते हैं और उसे सुदृढ़ बनाते हैं।

## अभिभावकों के लिए

यहाँ अभिभावकों को प्रस्तुत कार्य का उद्देश्य बताया जाता है और कुछ गतिविधाँ, जो वे घर पर आसानी से करा सकें।

PROPEL TIME LEARNING TM

# अक्षर

## धड़ाम

हम गाएँ

**अध्यापिका के साथ मिलकर दी गई कविता पढ़िए।**

मोटू-पतलू दोनों भाई
रहते हरदम साथ
सोते-जागते खाते-पीते
करते सब कुछ साथ।
एक सुबह वे पहुँच गए
बगिया में खाने आम
लपके ऊपर आम तोड़ने
नीचे गिरे धड़ाम।



**अभिभावकों के लिए**


*अब तक बच्चे कुछ अक्षरों को पढ़ना व लिखना सीख चुके हैं। अपनी अक्षरों की समझ व अध्यापिका की सहायता से वे इस कविता को पढ़ पाएँगे। साथ ही उसका आनंद भी ले पाएँगे। यदि बच्चों को पढ़ने में कोई कठिनाई आए तो उनकी मदद करें।*

## चर्चा में

1. कविता में साथ-साथ कौन रहते हैं?
2. वे बगिया में क्या करने गए?
3. वे कैसे गिरे?

## हम करें

1. मोटू को आम पसंद है। आपको जो फल पसंद हैं, उनमें रंग भरिए।




2. अध्यापिका जो अक्षर बोलें, उन्हें रेत-थाल पर बनाइए। उसके बाद उन्हें अपनी कॉपी में लिखिए। उन अक्षरों को नीचे भी लिख दीजिए।

आ न ल म क ई

**अभिभावकों के लिए**


*यहाँ चित्रों के नीचे उनके नाम दिए गए हैं, ताकि ये बच्चों के लिए 'दृश्य-शब्द' बन जाएँ और वे इन्हें पढ़ना व लिखना सीख पाएँ। साथ ही यहाँ बच्चे समूह-1 में सीखे अक्षरों को दोहरा रहे हैं। ये वे अक्षर हैं जिन्हें बच्चों ने प्रेप की शुरुआत में सीखा था।*

## हम करें

1. दिए गए चित्रों के नाम बोलिए। जिन चित्रों में 'आ' की आवाज़ आती है, उन्हें अक्षर 'आ' से मिलाइए व उनके नाम लिखिए।








आ



2. दिए गए चित्रों के नाम बोलिए। जिन चित्रों में 'ए' की आवाज़ आती है, उन्हें अक्षर 'ए' से मिलाइए व उनके नाम लिखिए।







ए



PROPEL THY LEARNING TM

## घर के लिए

1. कविता को अपने माता-पिता के साथ बैठकर पढ़िए।

2. नीचे दिए गए अक्षरों को दो बार लिखिए। कविता के जिन शब्दों में इन अक्षरों की आवाज़ आती है, उन्हें भी लिखिए।

| | अक्षर | शब्द |
|---|---|---|
| प | ____ ____ | |
| म | ____ ____ | |
| ट | ____ ____ | |
| ड़ | ____ ____ | |

## हम लिखें

1. सही उत्तर के आगे निशान लगाइए।

**क.** मोटू के साथ कौन था?

गोलू ☐ पतलू ☐ भोलू ☐

PROPEL THY LEARNING ™

**ख.** मोटू-पतलू बगिया कब गए?

सुबह ☐ शाम ☐ दोपहर ☐

**ग.** मोटू-पतलू बगिया क्या करने गए थे?

आम तोड़ने ☐ चिड़िया देखने ☐ केले तोड़ने ☐

**2.** वाक्य पूरा कीजिए।

**क.** मोटू के गिरने पर कौन-सी आवाज़ आई?

मोटू के गिरने पर ________ की आवाज़ आई।

## हम पढ़ें

नीचे दिए गए चित्रों को देखिए व अध्यापिका के साथ मिलकर इनके नाम पढ़िए।

|  |  |  |
|---|---|---|
| गिल्लू | हाथ | काजू |


**अभिभावकों के लिए**

*बच्चे चित्रों की मदद से इन शब्दों को पढ़ेंगे। बार-बार पढ़ने से ये शब्द उनके लिए दृश्य-शब्द बन जाएँगे।*

# गिल्लू गायब है

## हम पढ़ें

अध्यापिका के साथ बिल्लू की दोस्त गिल्लू की कहानी पढ़िए।




मेरी प्यारी दोस्त गिल्लू इसी पेड़ पर रहती है। आज वह गायब है।



वह भागती है तो मैं उसके पीछे भागता हूँ। पर वह मुझसे तेज़ है। हमेशा आगे निकल जाती है। पर आज वह गायब है।



मैं मम्मी से छुपाकर काजू लाता हूँ। गिल्लू को काजू बहुत पसंद हैं। मेरे हाथ से उठाकर खाती है। पर आज वह गायब है।



मैंने गिल्लू के लिए फूलों की माला बनाई है। पर आज वह गायब है।



वह रही मेरी गिल्लू।

मिल गई... ई... ई... ई..., देखो गिल्लू गिलहरी मटर खा रही है। गिल्लू मेरी दोस्त है।

**अभिभावकों के लिए**

*बच्चे अभी पढ़ना सीख रहे हैं। पढ़ना सीखने की प्रक्रिया का एक स्तर होता है—चित्र पढ़ना। यहाँ वे अभी तक सीखे अक्षर, दृश्य-शब्द व चित्रों की मदद से कहानी पढ़ेंगे। ऐसे में उनसे सभी शब्द सही पढ़ने की अपेक्षा न करें।*

## चर्चा में

1. कहानी में कौन गायब हो गया है?
2. बिल्लू का सबसे अच्छा दोस्त कौन था?
3. दोस्त नहीं मिलने पर कैसा लगता है?
4. आप अपने दोस्त के साथ क्या-क्या करते हैं?

## घर के लिए

1. कहानी को अपने माता-पिता के साथ बैठकर पढ़िए।
2. नीचे दिए गए अक्षरों को दो बार लिखिए। कहानी के जिन शब्दों में इन अक्षरों की आवाज़ आती हैं, उन्हें भी लिखिए।

| | अक्षर | शब्द |
|---|---|---|
| ग | ____ ____ | |
| ल | ____ ____ | |
| न | ____ ____ | |
| र | ____ ____ | |
| ह | ____ ____ | |

propel PROPEL THY LEARNING TM

## हम करें

1. दिए गए चित्रों के नाम बोलिए। जिन चित्रों में 'ऊ' की आवाज़ आती है, उन्हें अक्षर 'ऊ' से मिलाइए व उनके नाम लिखिए।







ऊ



2. दिए गए चित्रों के नाम बोलिए। जिन चित्रों में 'ई' की आवाज़ आती है, उन्हें अक्षर 'ई' से मिलाइए व उनके नाम लिखिए।







ई



PROPEL THY LEARNING TM

## अभ्यास करें

1. चित्र में छिपे अक्षर खोजकर बोलिए और उन्हें दिए गए स्थान में लिखिए।




**अभिभावकों के लिए**

*यहाँ बच्चे समूह-1 व 2 में सीखे गए अक्षर दोहरा रहे हैं।*

2. अध्यापिका जो अक्षर बोलें, उन्हें रेत-थाल पर बनाइए। उसके बाद उन्हें अपनी कॉपी में लिखिए। उन अक्षरों को नीचे भी लिखिए।

स प ओ ढ य औ

हम पढ़ें

**वाक्यों को पढ़िए और पूरा कीजिए।**

1. बिल्लू को ______ नहीं मिल रही थी। *(गिल्लू / काजू)*

2. गिल्लू ______ पर रहती थी। *(पेड़ / मेज़)*

3. गिल्लू को ______ पसंद थे। *(काजू / टमाटर)*

4. बिल्लू ने गिल्लू के लिए ______ की माला बनाई थी। *(टमाटर / फूलों)*

5. गिल्लू छिपकर ______ खा रही थी। *(काजू / मटर)*

6. मेरे सबसे प्यारे दोस्त का नाम ______ है।

PROPEL THY LEARNING

# ‘ऊ/ ू’ व ‘ई/ ी’

**हम करें**

नीचे दिए गए शब्द पढ़िए। सभी शब्दों को ‘ऊ/ ू’ और ‘ई/ ी’ अक्षर की ध्वनि के अंतर के आधार पर तालिका में लिखिए।


| | | | |
|---|---|---|---|
| कील | तराजू | गोलू | कटोरी |
| काजू | नमकीन | ईख | बिल्लू |
| कचालू | बकरी | अमचूर | नीम |

| ‘ऊ/ ू’ अक्षर वाले शब्द | ‘ई/ ी’ अक्षर वाले शब्द |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

**अभिभावकों के लिए**

*इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों को ‘ऊ/ ू’ व ‘ई/ ी’ अक्षर की आवाज़ के अंतर से परिचित करवाना है।*

PROPEL THY LEARNING™



# शाम की सैर

## चर्चा में

चित्र देखकर बताइए कि यह कविता किसके बारे में हो सकती है?

## हम गाएँ

**अब कविता पढ़ते हैं और जानते हैं कि कविता किसके बारे में है।**

शाम की सैर को निकला शेर,
बारिश में भीगा, हो गई देर।
शाम ढली और हुआ अँधेरा,
"कैसे जाऊँ? घर दूर है मेरा।"

**अभिभावकों के लिए**

*इस कविता का उद्देश्य बच्चों को 'श' अक्षर की आवाज़ से परिचित करवाना है। आप भी बच्चों के साथ यह कविता पढ़ें। बच्चों का ध्यान 'श' की आवाज़ पर लेकर जाएँ। बच्चों को 'श' की आवाज़ वाले शब्द बताने के लिए कहें।*

थककर वह बैठा खामोश,

तभी वहाँ आया खरगोश।

देख शेर को उड़ गए होश,

गिरा धम्म होकर बेहोश।




## चर्चा में

1. शेर को देर क्यों हो गई?
2. शेर खामोश क्यों बैठ गया?
3. कविता में 'श' की आवाज़ वाले कौन-कौन से शब्द आए?
4. अपने कुछ ऐसे दोस्तों के नाम बताइए जिनके नाम में 'श' की आवाज़ आती है।

## हम लिखें

आपने कविता में 'श' अक्षर की आवाज़ वाले शब्द पढ़े। आइए 'श' अक्षर लिखते हैं।






खरगोश

श श श श श

श श श श श

PROPEL THY LEARNING TM

# चित्र-वर्णन

## हम लिखें

नीचे दिए गए चित्रों को पहचानकर वाक्य पूरे कीजिए।



यह ______ है।



यह ______ है।



यह ______ है।



यह ______ है।



यह ______ है।



यह ______ है।

**अभिभावकों के लिए**


*यह गतिविधि बच्चों में 'श' वर्ण के साथ शब्द और वाक्य लिखने की क्षमता विकसित करती है। अध्यापिका आवश्यकता के अनुरूप बच्चों की वर्तनी संबंधी सहायता करती है। बच्चों को उच्चारण की सहायता से लिखने के लिए प्रेरित करें।*

propel PROPEL THY LEARNING

# खरगोश

**♫♪ हम गाएँ**

**अपने दोस्त के साथ दी गई कविता पढ़िए।**



खरगोश कूदा खिड़की से
रहे देखते हम,



मेज़ के नीचे डेरा डाला
जैसे करते हम।

लाल गाजर मीठे खरबूज़े
खुशी है घर में आई,



PROPEL THY LEARNING ™

सोच रहा बैठा खरगोश
कैसे खाऊँ भाई।






रात हुई, हम सबने खाया
खरबूज़ा भरपेट,
बचे थे गाजर, चढ़ गए
खरगोश की भेंट।

## चर्चा में

1. आपको कविता कैसी लगी?
2. क्या आपने कभी खरगोश देखा है? कहाँ?

## हम करें

रंगीन कागज़ को फाड़कर छोटे-छोटे टुकड़े कीजिए। इन टुकड़ों को खरगोश के चित्र पर चिपकाइए।



## हम करें


1. जिन चित्रों के नाम में 'ख' की आवाज़ आती है, उन्हें अक्षर 'ख' से मिलाइए। साथ ही उनके नाम भी लिखिए।









ख



2. जिन चित्रों के नाम में 'ज' की आवाज़ आती है, उन्हें अक्षर 'ज' से मिलाइए। साथ ही उनके नाम भी लिखिए।







ज



PROPEL THY LEARNING

## घर के लिए

1. कविता को अपने माता-पिता के साथ पढ़िए।

2. नीचे दिए गए अक्षरों को दो बार लिखिए। कविता में दिए जिन शब्दों में इन अक्षरों की आवाज़ आती है, उन्हें भी लिखिए।

| | अक्षर | शब्द |
|---|---|---|
| ख | ______ ______ | |
| छ | ______ ______ | |
| भ | ______ ______ | |
| स | ______ ______ | |

## हम लिखें

**सही उत्तर के आगे ( ✓ ) निशान लगाइए।**

1. खरगोश ने क्या खाया?

   गाजर ☐ खरबूज़ा ☐ मूली ☐

2. खरगोश कहाँ से आया था?

   छत से ☐ दरवाज़े से ☐ खिड़की से ☐

propel PROPELTHY LEARNING TM

3. खरगोश कहाँ छिपा था?

मेज़ के नीचे ☐ अलमारी में ☐ खरबूजे में ☐

4. सबने खरबूज़ा कब खाया?

सुबह ☐ रात को ☐ शाम को ☐

5. खरगोश क्या खाना चाहता था?

गाजर ☐ खरबूज़ा ☐ मटर ☐

6. खरगोश को क्या मिला खाने को?

गाजर ☐ खरबूज़ा ☐ मटर ☐

## हम दोहराएँ

अध्यापिका जो अक्षर बोलें, उन्हें रेत-थाल पर बनाइए। उसके बाद उन्हें अपनी कॉपी में लिखिए। उन अक्षरों को नीचे भी लिखिए।

ड़ ब ए ड य

र ऐ ग श ख

छ भ स ज

**अभिभावकों के लिए**

*यहाँ बच्चे समूह-3 में सीखे अक्षर दोहरा रहे हैं।*

propel TM PROPELTHY LEARNING

# सब्ज़ियों के नाम

## हम पढ़ें

दी गई सब्ज़ियों के नाम पढ़िए व उनमें रंग भरिए।



टमाटर




पालक



सीताफल



आलू



भिंडी

PROPEL THY LEARNING ™

1. दिए गए शब्दों को बोलिए। जिस शब्द में जिस अक्षर की आवाज़ आती है, उसे उस अक्षर के सामने लिखिए।

| चिड़िया | घोंसला | दाना | चींटी | घर | दही |
|---|---|---|---|---|---|

| | शब्द |
|---|---|
| च | |
| घ | |
| द | |

2. अध्यापिका जो अक्षर बोलें, उन्हें रेत-थाल पर बनाइए। उसके बाद उन्हें कॉपी में लिखिए। उन अक्षरों को नीचे भी लिखिए।

भ न घ ङ

औ उ द

**अभिभावकों के लिए**

*यहाँ बच्चे चित्रों की मदद से सब्ज़ियों के नाम पढ़ेंगे। बार-बार पढ़ने से ये शब्द उनके लिए दृश्य-शब्द बन जाएँगे। साथ ही यहाँ वे समूह-4 में सीखे अक्षर दोहराएँगे।*

Propel PROPELLTHY LEARNING TM


# चार ठेले

हम देखें

**आपने इंटरैक्टिव बोर्ड पर ठेलों के चित्र देखे। आइए इनसे जुड़ी एक कविता पढ़ते हैं।**



एक दिन सोनू गया बाज़ार,
देखे उसने ठेले चार।
पहले ठेले पर था खीरा,
दूसरे पर ठंडा जलजीरा।
तीसरे पर खट्टा चूरन,
देखकर जिसको ललचाया मन।
चौथे पर था मीठा शरबत,
पी गया सोनू पूरा झटपट।





## चर्चा में

1. सोनू ने बाज़ार में क्या देखा?
2. बाज़ार में सोनू ने कितने ठेले देखे? उन ठेलों पर क्या-क्या रखा था?
3. कविता में आए 'ठ' की आवाज़ वाले शब्दों पर गोला लगाइए।
4. अपने आसपास से 'ठ' की आवाज़ वाले अन्य शब्द बताइए।

## हम लिखें

**आपने अभी कविता 'चार ठेले' पढ़ी। अब नीचे दिए गए वाक्यों को पूरा कीजिए।**

1. एक दिन सोनू ____________ गया।
2. बाज़ार में सोनू ने ____________ देखा।
3. पहले ____________ पर खीरा रखा था।
4. तीसरे ठेले पर खट्टा ____________ रखा था।
5. सोनू ने मीठा ____________ पिया।


**अभिभावकों के लिए**

*इस कविता का उद्देश्य बच्चों को 'ठ' अक्षर की आवाज़ से परिचित करवाना है। आप भी बच्चों के साथ यह कविता पढ़ें। बच्चों का ध्यान 'ठ' की आवाज़ पर लेकर जाएँ। बच्चों को 'ठ' की आवाज़ वाले शब्द बताने के लिए कहें। इन वाक्यों से बच्चों में पठन-कौशल का विकास होगा। साथ ही इन प्रश्नों के माध्यम से बच्चे कविता पर बनी समझ दर्शा पाएँगे।*

PROPEL THY LEARNING

## घर के लिए

नीचे दी गईं खाने की चीज़ों को उनके स्वाद के अनुसार मिलाइए।










मीठा | खट्टा | कड़वा | नमकीन








## हम लिखें

आपने कविता में 'ठ' अक्षर की आवाज़ वाले शब्द पढ़े। आइए 'ठ' अक्षर लिखते हैं।






ठेला

ठ ठ ठ ठ ठ

propel TM PROPEL THE LEARNING

## हम लिखें

1. अपनी कॉपी में 'ठ' अक्षर लिखने का अभ्यास कीजिए।

2. नीचे दिए गए शब्दों को पढ़िए। जिन शब्दों में 'ठ' अक्षर की आवाज़ आती है, उन्हें लिखिए।

| | | |
|---|---|---|
| ठंडाई | आठ | मिठाई |
| पलंग | पराठा | पेठा |
| कड़वा | ठुमका | ठेला |
| ठठेरा | ठहर | ठेका |
| पटाखा | टहनी | डमरू |

**अभिभावकों के लिए**



*यहाँ बच्चे नए शब्दों से परिचित हो रहे हैं। इन शब्दों को अध्यापिका कक्षा में सभी बच्चों के साथ मिलकर पढ़ेंगी।*

PROPEL THY LEARNING TM

# चित्र-वर्णन

**हम करें**

चित्र में क्या है और वह किस रंग का है? लिखिए।

| चित्र | नाम | रंग |
|---|---|---|
|  | | |
|  | | |
|  | | |
|  | | |
|  | | |

**अभिभावकों के लिए**


*बच्चों को चित्रों को ध्यान से देखने के लिए उपयुक्त समय दें। आप उनसे दिए गए चित्रों के बारे में बातचीत भी कर सकते हैं। जब बच्चे चित्रों को अच्छी तरह देख लें, तब ही उन्हें लिखने के लिए कहें।*

propel PROPELTHY LEARNING TM


# नत्थूराम

हम गाएँ

**आइए इंटरैक्टिव बोर्ड पर 'नत्थू राम' कविता सुनते हैं।**



नत्थूराम के हाथ में थैला,
जो है थोड़ा मैला-मैला।
थक जाता है थैला ढोकर,
जैसे उसमें भरे हों पत्थर।
थैले को कुछ देर उठाता,
पर जल्दी नत्थू थक जाता।
मदद करो नत्थू की भैया
ज़ोर लगाकर हैया...।



## चर्चा में

1. नत्थूराम क्यों थक जाता है?
2. नत्थूराम अपने थैले में क्या रखता होगा?
3. अपने आस-पास से 'थ' अक्षर वाले शब्द बताइए।

## हम करें

1. नीचे दिए गए शब्दों को पढ़िए और उन्हें सही चित्र के साथ मिलाइए।








हथौड़ा    हथिनी    थैला    पत्थर    हाथ    थरमस







2. आपने कविता में 'थ' अक्षर की आवाज़ वाले शब्द पढ़े। आइए, 'थ' अक्षर लिखते हैं।






थरमस


थ    थ    थ    थ    थ


थ    थ    थ    थ    थ

PROPEL THY LEARNING




1. जिन चित्रों में दिए गए अक्षर की आवाज़ आती है, उनमें रंग भरिए।

थ






ठ

श





2. अपनी कॉपी में इन अक्षरों को लिखने का अभ्यास कीजिए।

## हम करें

कक्षा में नत्थू की मूँछें बनाकर नीचे दी गई जगह में चिपकाइए।

## हम लिखें

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पूरे कीजिए।

1. नत्थूराम ने हाथ में क्या पकड़ा था?

   नत्थूराम ने हाथ में ____________ पकड़ा था।

2. नत्थूराम का थैला कैसा था?

   नत्थूराम का थैला ____________ था।

**अभिभावकों के लिए**

*इस कविता का उद्देश्य बच्चों को 'थ' अक्षर की आवाज़ से परिचित करवाना है। आप भी बच्चों के साथ यह कविता पढ़ें। बच्चों का ध्यान 'थ' की आवाज़ पर लेकर जाएँ। बच्चों को 'थ' की आवाज़ वाले शब्द बताने के लिए कहें। बच्चों से उनके चित्र के बारे में बातचीत करें। दैनिक अनुभवों के बारे में पूछें। हम चाहते हैं कि बच्चे अपनी बातों को बेझिझक कह पाएँ। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।*

# चित्र-वर्णन

हम देखें

दिए गए चित्र को देखिए।



1. चित्र में क्या-क्या है?

2. चादर किस रंग की है?

3. दीवार पर क्या लटका है?

4. खिलौने कहाँ रखे हैं?

5. फूलदान कहाँ रखा है?

# नाना जी की ऐनक

## हम पढ़ें

अध्यापिका के साथ मिलकर दी गई कहानी पढ़िए।




ननकी के नाना जी ऐनक पहनते थे। नाना जी हमेशा कहते, 'मुझे ऐनक से सब साफ़-साफ़ दिखता है।' ननकी को नाना जी की ऐनक पसंद थी।



ननकी ऐनक पहनकर एक बार सब कुछ साफ़-साफ़ देखना चाहती थी। पर नाना जी ऐनक को हाथ भी नहीं लगाने देते। ननकी बार-बार उसे लेने का मौका खोजती। हर बार नाना जी उसे पकड़ लेते।



पर आज ननकी को मौका मिल ही गया। आज नाना जी ऐनक पहनकर सो गए। वे गहरी नींद में थे। ननकी ने चुपके से नाना जी की ऐनक उतार ली। वह ऐनक लेकर बहुत खुश हुई। ननकी ने झट से ऐनक पहन लिया। वह आज सब कुछ साफ़–साफ़ देखेगी।



पर यह क्या हुआ? ऐनक पहनते ही ननकी को सब कुछ धुँधला दिखाई देने लगा। उसे कुछ भी साफ़ नहीं दिखाई दे रहा था। उसे समझ नहीं आया कि नाना जी क्यों कहते हैं कि उनको सब कुछ साफ़-साफ़ दिखता है।



मुझे तो ऐनक से कुछ नहीं दिख रहा। ननकी ने ऐनक उतार दी, और वापस नाना जी को पहना दी।

## चर्चा में

1. ननकी क्या लेना चाहती थी?
2. ननकी ऐनक को क्यों पहनना चाहती थी?
3. आपके नाना जी आपको कौन-सी चीज़ें छूने से मना करते हैं?

## घर के लिए

1. कहानी को अपने माता-पिता के साथ बैठकर पढ़िए।
2. नीचे दिए गए अक्षरों को दो बार लिखिए। कहानी के जिन शब्दों में इन अक्षरों की आवाज़ आती है, उन्हें भी लिखिए।

| | अक्षर | शब्द |
| --- | --- | --- |
| ढ | ____ ____ | |
| ऐ | ____ ____ | |
| क | ____ ____ | |
| ट | ____ ____ | |

**अभिभावकों के लिए**

*जब बच्चों को लगने लगता है कि वे स्वयं कहानी पढ़ सकते हैं, तब उनमें पढ़ने के प्रति आत्मविश्वास पैदा होता है। वे पढ़ने में रुचि लेने लगते हैं। ऐसे में यदि उन्हें बार-बार टोका जाए या सही तरीके से पढ़ने के लिए कहा जाए तो उनके आत्मविश्वास को क्षति पहुँचती है। जब बच्चा आपके साथ कहानी पढ़े, तब इन बातों का ध्यान रखें। साथ ही उसका ध्यान चित्रों के अलावा अक्षरों की ओर भी केंद्रित करें।*

PROPEL THY LEARNING

## हम करें

वाक्यों को पूरा कीजिए।

1. ननकी के नाना जी ऐनक पहनते थे, ताकि वे सब ________ देख पाएँ।

2. आज नाना जी ऐनक ________ सो गए।

3. ननकी ने चुपके से नाना जी की ________ उतार ली।

4. ननकी को ऐनक से ________ नहीं दे रहा था।

5. ननकी को ________ नहीं आया कि उसे कुछ भी साफ़-साफ़ क्यों नहीं दिखाई दे रहा।

## हम दोहराएँ

अध्यापिका जो अक्षर बोलें, उन्हें रेत-थाल पर बनाइए। उसके बाद उन्हें अपनी कॉपी में लिखिए। उन अक्षरों को नीचे भी लिख दीजिए।

ख ट प ऊ ज व अ

**अभिभावकों के लिए**

*इस गतिविधि का उद्देश्य पाठ पर बनी समझ को जानना है। बच्चे पाठ की समझ के अनुसार वाक्य पूरे करेंगे। साथ ही समूह-5 में सीखे अक्षरों को दोहराएँगे।*



PROPEL THY LEARNING TM

# धन्नू धोबी

## हम गाएँ

मैले और कुचैले कपड़े
धूल भरे मटमैले कपड़े।
गठरी बाँधे सिर पर लादे
धन्नू धोबी ले भागे कपड़े ।

धन्नू धोबी कपड़े भिगोए
पीट-पीटकर उनको धोए
फिर धरती पर उन्हें सुखाए
और चमक वापस ले आए।



## चर्चा में

1. धन्नू धोबी कैसे कपड़े ले जाता है?
2. धन्नू धोबी कपड़ों का क्या करता है?
3. कविता में 'ध' अक्षर की आवाज़ वाले कौन-कौन से शब्द आए हैं?
4. 'ध' अक्षर की आवाज़ वाले अन्य शब्द बताइए।

## घर के लिए

नीचे दिए गए धन्नू धोबी के चित्र में रंग भरिए।



**अभिभावकों के लिए**

*इस कविता का उद्देश्य बच्चों को 'ध' अक्षर की आवाज़ से परिचित करवाना है। आप भी बच्चों के साथ यह कविता पढ़ें। बच्चों का ध्यान 'ध' की आवाज़ पर लेकर जाएँ। बच्चों को 'ध' की आवाज़ वाले शब्द बताने के लिए कहें।*



propel TM PROPERTY LEARNING

## हम लिखें

**सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए।**

1. धन्नू धोबी ने ______ की गठरी को सिर पर लादा।

   *(फलों / कपड़ों / गेहूँ)*

2. धन्नू धोबी ______ कपड़े धोता है।

   *(मैले / साफ़ / नए)*

3. धन्नू धोबी पहले कपड़े ______ है फिर धोता है।

   *(सिलता / भिगोता / सुखाता)*

4. धन्नू धोबी कपड़ों को ______ पर सुखाता है।

   *(धरती / पानी / पंखे)*

5. सूख जाने पर कपड़े ______ जाते हैं।

   *(हल्के / चमक / अच्छे)*


6. धन्नू धोबी कपड़े ______ धोता है।

   *(सुखाकर / पीटकर / हिलाकर)*

propel TM PROPELTHY LEARNING

## हम लिखें

आपने कविता में 'ध' अक्षर की आवाज़ वाले शब्द पढ़े। आइए, 'ध' अक्षर लिखते हैं।









ध ध ध ध ध


## हम लिखें


नीचे दिए गए चित्रों के नाम लिखिए। जिन चित्रों के नाम में 'ध' की आवाज़ आती है, उनमें रंग भरिए।












**अभिभावकों के लिए**

*इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों की 'ध' अक्षर की समझ को मज़बूत करना है।*

# झम-झम बारिश

## चर्चा में

1. आप बारिश आने पर क्या-क्या करते हैं?
2. अगर आपके घर में बारिश का पानी आ जाए तब आप क्या करेंगे?

**आइए, झम-झम बारिश कविता पढ़ते हैं।**



## हम गाएँ

बारिश आई झम-झम-झम,
झटपट भागे घर को हम।
आँगन में भर गया है पानी,
खूब पड़ेगी झाड़ू लगानी।
जब बारिश रुक जाएगी,
तब आँगन में झूमेंगे।
हम सारे तब खूब मज़े से,
मिलकर झूला झूलेंगे।



## चर्चा में

1. बारिश आने पर बच्चों ने क्या किया?
2. बच्चे झूला कहाँ झूलेंगे?
3. कविता में 'झ' अक्षर के कौन-कौन से शब्द आए? उन शब्दों पर गोला लगाइए।
4. 'झ' अक्षर वाले अन्य शब्द बताइए।

घर के लिए

**आपने कक्षा में कविता 'झम-झम बारिश' पढ़ी। कविता की मदद से नीचे दिए गए वाक्यों को पूरा कीजिए।**

बारिश आई ________ ,

________ भागे ________ को ________ ।

आँगन में ________ गया है ________ ,

खूब पड़ेगी ________ लगानी।

जब ________ रुक ________ ,

तब ________ में झूमेंगे।

हम ________ तब ________ मज़े से,


मिलकर ________ ।

अभिभावकों के लिए

*इस कविता का उद्देश्य बच्चों को 'झ' अक्षर की आवाज़ से परिचित करवाना है। आप भी बच्चों के साथ यह कविता पढ़ें। बच्चों का ध्यान 'झ' अक्षर की आवाज़ पर लेकर जाएँ। बच्चों को 'झ' की आवाज़ वाले शब्द बताने के लिए कहें।*

## हम लिखें

आपने कविता में 'झ' अक्षर की आवाज़ वाले शब्द पढ़े। अब 'झ' अक्षर लिखिए।







झ झ झ झ झ

झ झ झ झ झ

propel TM
PROPEL THY LEARNING

## हम लिखें

नीचे दिए गए चित्रों के नाम लिखिए। नाम में जहाँ 'झ' की आवाज़ आ रही है, वहाँ गोला लगाइए।











**अभिभावकों के लिए**


*इस गतिविधि का उद्देश्य 'झ' अक्षर और आवाज़ का संबंध मज़बूत करते हुए बच्चों के लेखन-कौशल का विकास करना है।*

propel™ PROPEL THY LEARNING

# कुकड़ू-कू

हम पढ़ें

**अपने दोस्त के साथ मिलकर दी गई कहानी पढ़िए।**



एंजी और राजा गरमी की छुट्टियों में अपने दादा-दादी के घर आए हैं। उनके दादा-दादी के घर के बगल में एक आम का पेड़ है, जिस पर पीले-पीले आम लगे हुए हैं।

दादी के पास एक मुर्गा है। वह सुबह-शाम एक ही आवाज़ निकालता है- कुकड़ू-कू। एंजी और राजा उसे कुकड़ू-कू बुलाते हैं।

एक दिन एंजी और राजा ने उसे पकड़ना चाहा। उन्होंने एक टोकरी ली। वे टोकरी लेकर उसके पीछे भागने लगे। कुकड़ू-कू उनसे भी तेज़ भागा। वह भागकर पेड़ के पीछे छिप गया।



एंजी और राजा पेड़ के पास पहुँचे तो वह फुर्र से टंकी पर चढ़ गया।




एंजी और राजा वहाँ पहुँचे तो मुर्गा एंजी की टाँगों के बीच से कुकड़ू-कू करते हुए भागा।



अब एंजी और राजा तेज़ी से मुर्गे के पीछे भागे। राजा ने टोकरी हवा में उछाली। टोकरी कुकड़ू-कू के ऊपर गिरती इससे पहले राजा ही गिर गया धड़ाम्...।



दोनों ने बहुत कोशिश की पर कुकड़ू-कू को नहीं पकड़ पाए। वे थक-हारकर पेड़ के नीचे बैठ गए। तभी वहाँ दादा जी आए और उनके साथ कुकड़ू-कू भी आ गया। उसे देखकर दोनों खूब हँसे। फिर साथ में बोले- कुकड़ू-कू।



**अभिभावकों के लिए**

*इस गतिविधि के माध्यम से बच्चे चित्र व वाक्यों में संबंध बनाते हुए कहानी को पढ़ पाएँगे। यह गतिविधि बच्चों के पठन-कौशल के विकास में मदद करेगी।*

## चर्चा में

1. आपको कहानी में सबसे मज़ेदार कौन लगा?
2. मुर्गा कैसा आवाज़ निकालता है?
3. क्या आपने मुर्गा देखा है? कहाँ?

## हम करें

हमारे आसपास कई जानवर रहते हैं। नीचे उनके नाम व आवाज़ें दी गई हैं। जानवर का मिलान उनकी आवाज़ से कीजिए।

| | | |
|---|---|---|
|  | कुत्ता | काँव-काँव |
|  | मुर्गा | म्याऊँ |
|  | बिल्ली | कुकड़ू-कू |
|  | कौआ | भीं-भीं |
|  | मक्खी | भौं-भौं |

propel TM PROPEL THY LEARNING

## घर के लिए

1. **अपने माता/पिता के साथ मिलकर कहानी पढ़िए।**

2. **प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**क.** दादी के घर कौन-कौन गया था?

**ख.** पेड़ पर कैसे फल लगे थे?

**ग.** मुर्गा कहाँ चढ़ा था?

**घ.** राजा ने हवा में क्या उछाला?

**ङ.** राजा और एंजी मिलकर क्या बोले?

**अभिभावकों के लिए**

*बच्चों को प्रश्न स्वयं पढ़ने व समझने के लिए प्रेरित करें। उनसे यह अपेक्षा न करें कि वे अभी अपने उत्तर पूरे वाक्यों में लिखें। वे अभी लिखना सीख रहे हैं। ऐसे में वे शब्दों में उत्तर भी लिख सकते हैं।*

# न और ण

हम करें

1. नीचे दिए गए शब्दों को बोलकर सही स्थान पर लिखिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| नमक | गणित | खाना | गाना |
| किरण | रावण | नाखून | दक्षिण |

| 'न' अक्षर वाले शब्द | 'ण' अक्षर वाले शब्द |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |

2. 'ण' अक्षर लिखिए।

ण ण ण ण ण

PROPEL THY LEARNING TM

# ढोलवाला

## हम सुनें


**आइए कक्षा में अपने दोस्तों के साथ मिलकर ढोल की धुन पर नाचते हैं।**



ढीला ढाला कुर्ता पहने,
ढोलवाला ढोल बजाए।
ढम ढमाढम ढम ढमाढम,
सुनकर बच्चे ढूढ़ँते आए।
पास में आकर बच्चों ने भी,
ढम-ढम-ढम-ढम ढोल बजाया।
और साथ में कुछ बच्चों ने,
ढिनचक ढिनचक नाच दिखाया।

## चर्चा में

1. ढोलवाले ने क्या पहना था?
2. बच्चे किसे ढूँढ़ने आए?
3. बच्चों ने कैसे नाच दिखाया?
4. कविता में 'ढ' की आवाज़ वाले कौन से शब्द आए?
5. 'ढ' की आवाज़ वाले अन्य शब्द बताइए।




अभिभावकों के लिए

*इस कविता का उद्देश्य बच्चों को 'ढ' अक्षर की आवाज़ से परिचित करवाना है। आप भी बच्चों के साथ यह कविता पढ़ें। बच्चों का ध्यान 'ढ' की आवाज़ पर लेकर जाएँ। बच्चों को 'ढ' की आवाज़ वाले शब्द बताने के लिए कहें।*

## हम लिखें

आपने कविता में 'ढ' अक्षर की आवाज़ वाले शब्द पढ़े। आइए, 'ढ' अक्षर लिखते हैं।






मेंढक

ढ ढ ढ ढ ढ

ढ ढ ढ ढ ढ

PROPEL THY LEARNING TM

## हम करें

1. कक्षा में अपने दोस्तों के साथ कविता का अभिनय कीजिए।

2. वाक्य पूरे कीजिए।

क. मुझे ______ अच्छा लगता है।

ख. मैं ______ पर नाचती/नाचता हूँ।

ग. ढोलवाले ने ______ बजाया।

घ. ______ से ढम-ढम की आवाज़ आती है।

ङ. सभी बच्चे ______ लगे।

3. नीचे कुछ चित्र दिए गए हैं। उनके नाम पता कीजिए और लिखिए।







PROPEL THY LEARNING TM



# मुच्छड़ जादूगर

## चर्चा में


आपने इंटरैक्टिव बोर्ड पर एक चित्र देखा।

1. चित्र में कौन-कौन था?
2. आपके अनुसार कविता में क्या हो रहा था?

## हम गाएँ

**नीचे दी गई कविता अध्यापिका की सहायता से पढ़िए।**

एक था जादूगर
नाम मुच्छड़ शेर
करता जादू सीना ताने
जैसे बब्बर शेर।



झोला कंधे पर लटकाए
ढोल बजाए ढम ढम
खेल पढ़ाई छोड़-छाड़ कर
भागे आए बच्चे हम।

आबरा का डाबरा
बोले मुच्छड़ शेर
झाड़ू बन गया एक कबूतर
तनिक न लागे देर।

## चर्चा में

1. आपको जादूगर कैसा लगा?
2. जादूगर का नाम मुच्छड़ शेर क्यों है?
3. जादूगर ने झाड़ू को क्या बना दिया?
4. जादूगर ने क्या कहकर जादू किया?
5. आप अगर जादूगर बन जाएँ तो किस चीज़ को क्या बनाएँगे?

## हम लिखें

1. कहानी के आधार पर रिक्त स्थान भरिए, उनके चित्र बनाइए व नाम लिखिए।

**क.** झाड़ू ________ में बदल गया।

**ख.** मुच्छड़ शेर के कंधे पर ________ लटका था।

**ग.** जादूगर के हाथ में ________ था जिसे वह बजा रहा था।

**अभिभावकों के लिए**

*बच्चों को छोटी-छोटी कहानियाँ सुनाएँ और किसी एक वर्ण के शब्द लिखने या चित्र बनाने के लिए कहें। कहानियों, चित्रों व नामों के बारे में बच्चों से बातचीत करें।*

**2.** नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पूरे कीजिए।

**क.** जादूगर का क्या नाम था?

जादूगर का नाम ______________ था।

**ख.** जादूगर ने ढम-ढम क्या बजाया?



जादूगर ने ______________ बजाया।

**ग.** ढोलक की आवाज़ सुनकर कौन आया?

ढोलक की आवाज़ सुनकर ______________ आए।

**घ.** झाड़ू किस चीज़ में बदल गई?

झाड़ू ______________ में बदल गई।

**ङ.** जादूगर जादू करते समय क्या बोलता था?



जादूगर जादू करते समय ______________

बोलता था

## हम सुनें

आइए कक्षा में वर्णमाला से जुड़ा एक गीत सुनते हैं।

**अभिभावकों के लिए**

*इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों के पठन व लेखन-कौशल का विकास करना है। साथ ही बच्चे पूर्ण वाक्यों में उत्तर लिखने का अनुभव भी प्राप्त करेंगे।*

propel PROPEL THY LEARNING

# अक्षरों का खेल

## हम गाएँ

**नीचे दी गई कविता कक्षा में अपने दोस्तों के साथ मिलकर गाइए।**



हाथ में मेरे डिब्बा एक,
जिसमें भरे अक्षर अनेक।
अ आ इ की लगी कतार,
सभी अक्षरों की भरमार।
आ उछलकर बाहर आया,
म ने अपना हाथ बढ़ाया।
आ व म ने आम बनाया,
सबने बड़े मज़े से खाया।

ऊ भी झ के पैर में लटका,

ल और आ को भी ला पटका।

बन गया झूला, खेला खेल,

मिलकर फिर बनाई रेल।

आओ हम भी खेलें खेल,

अक्षरों का कराएँ मेल।

मिलाकर अक्षर शब्द बनाएँ,

अपने मन की बात बताएँ।





## हम लिखें

नीचे दिए गए अक्षरों और मात्राओं से शब्द बनाइए और दी गई जगह में लिखिए। इस कार्य के लिए अक्षर पिटारा की मदद लीजिए।

आ / ा    ओ / ो    इ / ि    औ / ौ    ए / े

क    ड़    न    र    भ    व    म

प    स    ह    य    ग    ल

## हम खेलें

अक्षर पिटारा का प्रयोग कीजिए और दी गई मात्राओं से अपने मनपसंद शब्द बनाकर उन्हें कॉपी में लिखिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | आ/ ा | ए/ े | ऐ/ ै |
| उ/ ु | ऊ/ ू | इ/ ि | ई/ ी |

**अभिभावकों के लिए**

*इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों को अक्षरों से शब्द बनाने का अवसर प्रदान करना है। ऐसी गतिविधियाँ बच्चों के पठन व लेखन-कौशल के विकास में मदद करती हैं।*

## अभ्यास करें

आपने अब तक कई अक्षर व मात्राएँ पढ़ीं। नीचे दिए गए चार्ट को अपनी कक्षा में लगाइए और हर अक्षर/मात्रा से संबंधित दो शब्द उसमें लिखिए।

| अ | ए/ े | ई/ ी | ऊ/ ू | झ |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

| ठ | ढ | थ | ध | श |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

आपके नाम में कौन-कौन से अक्षर आते हैं, उन्हें बोलिए और अपना नाम लिखिए।

मेरा नाम ______________________ है।

## हम खेलें

कक्षा में शब्दों का खेल खेलिए।

**अभिभावकों के लिए**

*गीत व उपर्युक्त कार्य द्वारा बच्चे अर्थपूर्ण तरीके से अक्षरों की समझ को मज़बूत करेंगे।*

PROPEL THY LEARNING™

# ए/ े और ऐ/ ै

## हम पढ़ें

1. **नीचे दिए गए दो मटकों में कुछ शब्द दिए गए हैं, उन्हें पढ़िए।**

**पहला मटका**




**दूसरा मटका**




## चर्चा में

दोनों मटकों में दिए गए शब्दों में क्या अंतर है?

पहले मटके में 'ए/ े' की आवाज़ वाले शब्द हैं और दूसरे मटके में 'ऐ/ ै' की आवाज़ वाले शब्द हैं।



2. नीचे दिए गए स्थान में 'ए/ े' और 'ऐ/ ै' की आवाज़ वाले शब्द लिखिए।

| 'ए/ े' की आवाज़ वाले शब्द | 'ऐ/ ै' की आवाज़ वाले शब्द |
| --- | --- |
| | |
| | |

3. इंटरैक्टिव बोर्ड पर मात्रा-खेल खेलिए।

**अभिभावकों के लिए**


*इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों को 'ए/ े' और 'ऐ/ ै' अक्षर की आवाज़ के अंतर से परिचित करवाना है। यह समझ पठन व लेखन के दौरान बच्चों की मदद करेगी।*

# रंग-बिरंगे गुब्बारे

हम गाएँ


**दी गई कविता पढ़िए।**

लाल, हरे, नीले और पीले,
देखो सुंदर और सजीले।
रंग-बिरंगे ये गुब्बारे,
आओ मिलकर खेलें सारे।



## हम लिखें

आपने कविता में 'अं' अक्षर की आवाज़ वाले शब्द पढ़े। आइए, 'अं' अक्षर लिखते हैं।






अंगूर

अं अं अं अं अं

अं अं अं अं अं

proper PROPEL THY LEARNING TM

## घर के लिए

नीचे दिए गए शब्दों को पढ़िए और उन्हें सही चित्र के साथ मिलाइए।

| नाम | चित्र |
|---|---|
| अंगुली | ABC |
| अंग्रेज़ी |  |
| बंदर |  |
| रंग |  |
| अंगूर |  |

**अभिभावकों के लिए**

*यहाँ बच्चे 'अं' की आवाज़ को पहचानना सीख रहे हैं। उनका ध्यान पढ़ने की ओर केंद्रित करें।*

propel
PROPEL THY LEARNING

# रंगों के नाम

## हम लिखें

1. कविता में गुब्बारे किस-किस रंग के थे? लिखिए।

2. किसे कौन-सा रंग पसंद है, पता लगाकर लिखिए।




क. मुझे ______ रंग पसंद है।

ख. मम्मी को ______ रंग पसंद है।

ग. अध्यापिका को ______ रंग पसंद है।

घ. पापा को ______ रंग पसंद है।

# ढ और ढ़

हम करें

नीचे दिए गए शब्द पढ़िए। सभी शब्दों को 'ढ' और 'ढ़' अक्षर की ध्वनि के अंतर के आधार पर तालिका में लिखिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ढक्कन | बूढ़ा | ढोलक | दाढ़ी |
| ओढ़नी | कढ़ी | ढाल | ढोकला |
| कढ़ाही | ढीला | चढ़ाना | बढ़ाना |

| 'ढ' अक्षर वाले शब्द | 'ढ़' अक्षर वाले शब्द |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

अभिभावकों के लिए

*इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों को 'ढ' व 'ढ़' अक्षर की आवाज़ के अंतर से परिचित करवाना है।*


PROPELTHY LEARNING™

# बंदर

## हम पढ़ें

**दी गई कहानी पढ़िए।**

अंगद के घर के सामने एक पेड़ है। अंगद पेड़ के पास बोर्ड पर चित्र बना रहा है। साथ-साथ अंगूर खा रहा है।



तभी वहाँ एक बंदर आ गया। बंदर अंगद के बनाए चित्र को देखकर खुशी से नाचने लगा। अंगद भी उसके साथ नाचने लगा। दोनों को बड़ा मज़ा आया।



फिर बंदर अंगूर की कटोरी देखने लगा। अंगद ने अंगूर उसे दे दिए। बंदर उन्हें खाने लगा। बंदर को खाता देख अंगद घर के अंदर से और अंगूर ले आया।



फिर बंदर ने अंगद के रंग उठा लिये। उसने अंगद के बनाए हाथी के चित्र में रंग भर दिया। उसे रंग भरता देख अंगद खुशी से तालियाँ बजाने लगा।



## चर्चा में

1. कहानी किस बारे में थी?
2. आपको कहानी में कौन सबसे मज़ेदार लगा?
3. क्या आपने कभी बंदर देखा है? कहाँ?

## हम लिखें

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1. अंगद चित्र कहाँ बना रहा है?

2. अंगद क्या कर रहा है?

3. अंगद क्या खा रहा है?

4. अंगद और बंदर ने मिलकर क्या किया?

5. अंगद ने तालियाँ क्यों बजाई?

**अभिभावकों के लिए**

*बच्चों को प्रश्न स्वयं पढ़ने व समझने के लिए प्रेरित करें। उनसे यह अपेक्षा न करें कि वे अभी अपने उत्तर पूरे वाक्यों में लिखें। वे अभी लिखना सीख रहे हैं। यदि वे एक-एक शब्द भी लिखें तो उनकी सराहना करें।*

propel TM PROPEL THY LEARNING

# फलों के नाम

हम पढ़ें

1. दिए गए फलों के नाम पढ़िए।



सेब



पपीता




केला




अमरूद




लीची



अनार



अंगूर




तरबूज़



संतरा



खरबूज़ा



आम



अनानास

2. घर के सदस्यों के मनपसंद फलों का पता लगाइए और उनके नाम लिखिए।

मम्मी ____________________ पापा ____________________


भाई ____________________ बहन ____________________

अन्य सदस्य ____________________

# मौसम

हम देखें

नीचे दिए गए चित्र को देखिए। चित्र में जिन चीज़ों के नाम आप जानते हैं, उन्हें लिखिए।




## हम दोहराएँ


1. अभी तक आपने विभिन्न अक्षर सीखे। आइए, उनमें से कुछ अक्षरों का अभ्यास करते हैं।



क्ष क्ष क्ष क्ष

त्र त्र त्र त्र





ज्ञ ज्ञ ज्ञ ज्ञ

ध ध ध ध



**अभिभावकों के लिए**

*दी गई गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों को विभिन्न अक्षरों की आवाज़ और बनावट का अभ्यास करवाना है।*


**2.** नीचे दिए गए अक्षरों और मात्राओं से शब्द बनाइए और दी गई जगह में लिखिए। इस कार्य के लिए आप अक्षर पिटारा की मदद ले सकते हैं।

| भ | ल | आ | ऊ | त | फ |
|---|---|---|---|---|---|
| इ/ ि | ए/ े | औ/ ौ | ओ/ ो | ऐ/ ै | |

**अभिभावकों के लिए**

*इस गतिविधि के दौरान बच्चे विभिन्न शब्दों का निर्माण करते हैं, जिससे बच्चों के अक्षर-ज्ञान की पुनरावृत्ति और लेखन-कौशल का विकास होता है।*

**3.** नीचे दिए गए चित्रों को देखिए और उनके नाम पढ़िए।

| | | |
|---|---|---|
|  झूला |  तितली |  धनुष |
|  हथौड़ा |  ठेला |  झाड़ू |
|  कछुआ |  झोंपड़ी |  ढोल |
|  त्रिशूल |  झंडा |  मेंढक |

**अभिभावकों के लिए**

*बच्चों ने पिछले चरण में बहुत से दृश्य-शब्द सीखे। यहाँ वही शब्द दिए गए हैं। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों की अक्षरों की समझ बढ़ती है और उनके पठन-कौशल का विकास होता है।*

# गरमी आई, गरमी आई

हम गाएँ



**अपने दोस्तों के साथ मिलकर गाएँ।**

गरमी आई, गरमी आई,
पंखे, कूलर, कुल्फ़ी लाई।
सूरज दादा लगे भड़कने,
धूप करारी लगी कड़कने।
पेड़ों की छाया मन भाई,
गरमी आई, गरमी आई।



सड़कें सूनी, सूनी गलियाँ,
बंद दरवाज़े, खुली खिड़कियाँ।
बाहर जाना तो आफ़त है,
घर के अंदर ही राहत है।
बिन बिजली साँसें घबराईं,
गरमी आई, गरमी आई।

पीते सब शरबत, ठंडाई,
कुल्फ़ी सबके मन को भाई,
गरमी आई, गरमी आई।



## चर्चा में

कविता में गरमी से सभी को परेशानी हो रही थी। आपको गरमी का मौसम कैसा लगता है? क्यों?

## हम लिखें

दिए गए चित्रों के नाम लिखिए।













PROPEL THY LEARNING TM

## चर्चा में

1. गरमी अपने साथ क्या-क्या लाई?
2. गरमी से बचने के लिए आप क्या-क्या करते हैं?

## हम लिखें

कविता के शब्दों का प्रयोग करके रिक्त स्थान भरिए।

1. बिन ______________ साँसें घबराईं।
2. ______________ करारी लगी कड़कने।
3. पीते सब ______________, ठंडाई।
4. पेड़ों की ______________ मन भाई।

## घर के लिए

कविता में आए 'इ/ ि' और 'ई/ ी' की मात्रा वाले शब्दों पर दो अलग रंगों से गोला लगाइए। वे सभी शब्द अपने मम्मी-पापा को बताइए।

**अभिभावकों के लिए**

*घर में बच्चों के साथ कविता 'गरमी आई, गरमी आई' पढ़ें। बच्चों को कविता स्वयं बनाई गई लय में ही गाने दें। इससे बच्चों की कविता-पठन में रुचि बढ़ती है और उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है।*

# चित्र-वर्णन

**हम देखें**

नीचे दिए गए चित्र को देखिए।



चित्र में क्या-क्या है, लिखिए।

**मैंने चित्र में देखा**

लिखे हुए शब्दों की मदद से चित्र का वर्णन पूरे वाक्यों में कीजिए।

## हम पढ़ें

नीचे दी गई पंक्तियों को पढ़िए। जिन शब्दों को अलग रंग से लिखा गया है, उन पर ध्यान दीजिए।

गरमी आई, गरमी आई,

पंखे, कूलर, कुल्फ़ी लाई।

सूरज दादा लगे भड़कने,

धूप करारी लगी कड़कने।

## चर्चा में

आई – लाई भड़कने – कड़कने

1. इन शब्दों की आवाज़ में क्या समानता है?

2. ऐसे ही कुछ अन्य शब्द बताइए।

**ऐसे शब्दों को समान तुक वाले शब्द कहते हैं।**

## हम करें

आपने कविता में आए कुछ समान तुक वाले शब्द पढ़े। अब कविता को अपने साथी के साथ मिलकर पढ़िए और अन्य समान तुक वाले शब्दों पर गोला लगाइए। साथ ही उन शब्दों को अपनी कॉपी में लिखिए।

## घर के लिए

नीचे दिए गए शब्दों को पढ़िए और समान तुक वाले शब्दों का मिलान कीजिए।

| | |
|---|---|
| आई | पकौड़ी |
| नानी | कैसा |
| भूल | काला |
| मोर | पानी |
| पैसा | धूल |
| गोल | साथी |
| चालू | भोली |
| ताला | बोल |
| हाथी | भालू |
| कचौड़ी | चोर |
| गोली | भाई |

**अभिभावकों के लिए**

*इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों को समान तुक वाले शब्दों का प्रयोग और अभ्यास करवाना है।*

propel PROPEL THY LEARNING TM

## हम लिखें

नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़िए। उनके साथ दिए गए चित्रों को देखिए और चित्र की मदद से समान तुक वाले शब्दों का आनंद लेते हुए दूसरी पंक्ति लिखिए।

1.



देखो-देखो ये क्या पड़ा, पेड़ के नीचे एक

2.



मम्मी लाईं नई साड़ी

**अभिभावकों के लिए**

*बच्चे यह गतिविधि समूह में करते हैं। बच्चों से यह अपेक्षा नहीं है कि वे वाक्य उचित वर्तनी में लिख पाएँ। कक्षा में बच्चों को शब्द की आवाज़ को ध्यान में रखते हुए लिखना सिखाया गया है और बच्चे आवाज़ के आधार पर कुछ नई वर्तनी का निर्माण कर सकते हैं।*

# आम की कहानी

## चर्चा में


1. गरमी में कौन-कौन से फल मिलते हैं?
2. आपको कौन-सा फल खाना पसंद है?

## हम पढ़ें

नीचे दिए गए चित्रों को देखिए और उनके नाम पढ़िए।



गुलेल



टोकरी



आदमी



औरत



पेड़



कौआ


**अभिभावकों के लिए**

*ये चित्र व शब्द बच्चों की कहानी पढ़ने व लिखने में मदद करते हैं।*

PROPEL THY LEARNING TM

## हम लिखें

नीचे दिए गए चित्रों को देखिए। इनके आधार पर लिखिए कि कहानी में क्या-क्या हो रहा है।
















## चर्चा में

1. औरत टोकरी में क्या लेकर जा रही थी?
2. टोकरी से आम कौन उठाकर ले गया?

## घर के लिए

नीचे दिए गए चित्रों को सही वाक्यों से मिलाइए।

औरत ने गुलेल से आम तोड़े।



औरत ने गुलेल बनाई।



औरत ने एक आदमी से मदद माँगी।



औरत को आमों से लदा पेड़ दिखाई दिया।



**अभिभावकों के लिए**

*इस गतिविधि द्वारा बच्चे वाक्यों को पढ़ते हुए चित्र और वाक्य के बीच संबंध की समझ बनाते हैं।*

propel THY LEARNING

# बताओ कौन हूँ मैं?

## हम पढ़ें

आपने अभी 'आम' की कहानी पढ़ी। अब नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़कर फलों के नाम पहचानिए और उनका चित्र बनाइए।

आप अनुमान लगाने के लिए नीचे दिए गए चित्रों की मदद ले सकते हैं।



1. मेरा छिलका पीला होता है। अहा! मैं अंदर से मीठा हूँ। मेरे अंदर बहुत सारे काले और गोल बीज भी हैं। क्या आप बता सकते हैं कि मैं कौन हूँ?

2. मुझे काटो तो अंदर से लाल और रसीले दाने निकलते हैं। क्या आप बता सकते हैं कि मैं कौन हूँ?

3. मेरा छिलका नारंगी रंग का है। मैं खाने में खट्टा-मीठा होता हूँ। क्या आप बता सकते हैं कि मैं कौन हूँ?

4. मेरा छिलका हरा है। मैं अंदर से लाल और रसीला हूँ। मेरे अंदर काले बीज भी होते हैं। क्या आप बता सकते हैं कि मैं कौन हूँ?

5. बच्चों को मैं बहुत पसंद आता हूँ। मैं गरमी के मौसम में मिलता हूँ। मुझे काटकर या चूसकर खाया जा सकता है। लोग मेरा शेक बनाकर भी पीते हैं। क्या आप बता सकते हैं कि मैं कौन हूँ?

**अभिभावकों के लिए**

*बच्चे वाक्यों को पढ़कर उन्हें अपने अनुभवों से जोड़कर विषयवस्तु को समझते हैं। इस प्रकार की गतिविधि बच्चों के पठन-कौशल को बढ़ाती है।*


PROPEL THY LEARNING ™

# शाहीन और बारिश

आपने गर्मी से जुड़ी कविता पढ़ी और बताया कि आप गर्मी के मौसम में क्या-क्या करते हैं। आइए अब बारिश से जुड़ी कहानी सुनते हैं।

## हम लिखें

बारिश शब्द सुनते ही आपके मन में क्या-क्या आता है? सोचिए और लिखिए।




## हम सुनें

इंटरैक्टिव बोर्ड पर कहानी 'शाहीन और बारिश' सुनिए।

**अभिभावकों के लिए**

*कहानी से पहले उससे संबंधित विषय पर चर्चा करने से कहानी के प्रति बच्चों की उत्सुकता बढ़ती है।*

**यह कहानी कक्षा में अपने दोस्तों के साथ पढ़िए।**

# शाहीन और बारिश

एक दिन शाहीन विद्यालय से घर जा रही थी। अचानक आसमान में काले-काले बादल छा गए। बिजली ज़ोर से चमकने लगी। तेज़ हवा के साथ छम-छम-छम-छम बारिश शुरू हो गई। शाहीन को बारिश बिलकुल भी पसंद नहीं थी।

बारिश से बचने के लिए वह तेज़-तेज़ चलने लगी। इस बारिश ने उसके कपड़े गीले कर दिए थे। उसे गीले कपड़े अच्छे नहीं लग रहे थे। वह अपने गीले कपड़े बदलना चाहती थी।






तभी अचानक उसका पैर पानी से भरे एक गड्ढे में चला गया और आवाज़ आई, **छपाक्...**। उसे यह आवाज़ बहुत अच्छी लगी। उसने अपना दूसरा पैर भी पानी में मारा और आवाज़ आई, **छपाक्...**

एक बार फिर वह उछलकर गड्ढे में कूदी और इस बार बहुत ज़ोर से आवाज़ आई, **छपाक्....**। वह हँसने लगी। अब उसे बारिश में मज़ा आ रहा था।



घर आते ही मम्मी ने झटपट उसके हाथ-पैर धोए और गीले कपड़े बदले। मम्मी ने उससे पूछा, "आज बारिश में भी तुम इतनी खुश कैसे हो?"

उसने चहकते हुए कहा, "घर के बाहर चलिए, दिखाती हूँ।" यह कहकर वह मम्मी को घर के बाहर ले आई और पानी में छपाक्-छपाक् कूदने लगी। शाहीन को खुश देखकर मम्मी भी खुश थीं।

## घर के लिए

घर में अपने मम्मी-पापा व अन्य लोगों को यह कहानी सुनाइए।

**अभिभावकों के लिए**

*बच्चे यह कहानी कक्षा में एक-दूसरे की मदद लेते हुए पढ़ते हैं।*

## हम लिखें

**1. नीचे दिए गए प्रश्नों को पढ़िए। सही उत्तर चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।**

**क.** शाहीन को क्या पसंद नहीं था?

शाहीन को ______________________ पसंद नहीं था।

- दोस्तों के साथ खेलना
- बारिश में भीगना
- स्कूल जाना

**ख.** शाहीन का पैर पानी से भरे गड्ढे में गया तो क्या हुआ?

शाहीन का पैर पानी में गया तो ______________________

- वह गिर गई।
- छपाक् की आवाज़ हुई।
- उसके पैरों में कीचड़ लग गया।

**ग.** शाहीन जल्दी घर क्यों पहुँचना चाहती थी?

शाहीन जल्दी घर पहुँचना चाहती थी, क्योंकि ______________________

______________________

- वह अपने गीले कपड़े बदलना चाहती थी।
- वह मम्मी से बात करना चाहती थी।
- वह सोना चाहती थी।

propel TM PROPEL-THY LEARNING

**2.** शाहीन के घर आने के बाद मम्मी ने क्या किया?

**3.** आप बारिश से बचने के लिए क्या-क्या करते हैं?

## घर के लिए

आपको बारिश के मौसम में क्या करना पसंद है और क्या करना पसंद नहीं है?


| क्या पसंद है | क्या पसंद नहीं है |
| --- | --- |
| | |
| | |
| | |
| | |

# सरदी आई, सरदी आई

## हम गाएँ

आइए, कविता को कक्षा में एक साथ मिलकर गाते हैं।

सरदी आई, सरदी आई,
बड़ी अनोखी है यह भाई।
गरम रज़ाई मुझको भाए,
सुबह नहाया ही न जाए।
मोटे-मोटे कपड़े पहने,
हम सब लगते बड़े सलोने।
स्वेटर, मफ़लर, जैकेट, टोपी,
दुनिया सारी इन्हें ओढ़ती।
दादा-दादी इससे डरते,
नाना-नानी खूब ठिठुरते।
दाँत सभी के कट-कट करते,
हम बच्चे तो मस्ती करते।



## हम पढ़ें

नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़िए। कविता के अनुसार सही वाक्य के आगे  का और गलत वाक्य के आगे  का निशान बनाइए।

1. सरदी में गरम रज़ाई अच्छी लगती है। ☐
2. सरदी में हम पतले-पतले कपड़े पहनते हैं। ☐
3. सरदी में दाँत कट-कट करते हैं। ☐
4. सरदी में सुबह नहाने का बहुत मन करता है। ☐

## हम लिखें

1. सरदी में हम कैसे कपड़े पहनते हैं?

2. आपको सरदी में क्या करना पसंद है?

propel PROPEL THY LEARNING TM

3. आपने अभी तक सरदी, गरमी और बारिश के बारे में पढ़ा है। इन तीनों में से अपने मनपसंद मौसम का चित्र बनाइए और उसके बारे में लिखिए।

4. नीचे दिए गए चित्र के बारे में एक-एक वाक्य अपनी कॉपी में लिखिए।







## घर के लिए

1. कविता 'सरदी आई, सरदी आई' में समान तुक वाले शब्द ढूँढ़कर अपनी कॉपी में लिखिए।

PROPEL THY LEARNING

**2.** आपने कक्षा में 'ए' व 'ऐ' की आवाज़ वाले अक्षर पढ़े। नीचे दिए गए शब्दों को पढ़कर सही जगह पर लिखिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सैनिक | गौरैया | गेंद | बैंगन | थैला | भेड़ |
| शेर | मैदान | सेना | मैना | केकड़ा | भेड़िया |

| 'ए/ े' की मात्रा वाले शब्द | 'ऐ/ ै' की मात्रा वाले शब्द |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

**अभिभावकों के लिए**

*इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों की अक्षर-संबंधी समझ को मज़बूत करना है।*

PROPEL THY LEARNING™

# वर्णमाला

## स्वर

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ऋ |
| ए | ऐ | ओ | औ | अं | अः | |

## व्यंजन

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ |
| च | छ | ज | झ | ञ |
| ट | ठ | ड | ढ | ण |
| त | थ | द | ध | न |
| प | फ | ब | भ | म |

| | | | |
|---|---|---|---|
| य | र | ल | व |
| श | ष | स | ह |

## संयुक्त व्यंजन

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्ष | त्र | ज्ञ | श्र |

## अन्य व्यंजन

| | |
|---|---|
| ड़ | ढ़ |

PROPEL THY LEARNING™